


अगर टीम इंडिया वनडे वर्ल्ड कप पर फोकस कर रही है तो चयनकर्ताओं को यशस्वी और रिंकू जैसे युवाओं को अधिक से अधिक मौके देने पर ध्यान देना चाहिए। इन खिलाड़ियों को फास्ट ट्रैक किया जाना चाहिए और अगले साल वेस्टइंडीज में होने वाले टी20 वर्ल्ड कप के लिए। **रवि शास्त्री**

**भारत के पूर्व क्रिकेटर, जायसवालऔर रिंकू को लेकर**

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी** ▶ **यशस्वी जायसवाल**



कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के इतिहास का सबसे तेज अर्धशतक लगाने वाले राजस्थान रायल्स के यशस्वी जायसवाल ने कहा कि एकाग्रता और आत्मविश्वास उनके प्रदर्शन में निखार लाने में मददगार साबित हो रहा है। मुबंई के 21 वर्षीय खिलाड़ी ने गुरूवार को केकेआर के खिलाफ मात्र 13 गेंदो में अर्धशतक जड़ा था। सलामी बल्लेबाज यशस्वी की नाबाद 98 रन की तूफानी पारी की बदौलत राजस्थान ने एकतरफा मुकाबले में केकेआर को नौ विकेट से रौंद दिया था।

**क्या आप जानते हैं ?...** टैस्ट क्रिकेट इतिहास का पहला टैस्ट इंग्लैंड व आस्ट्रेलिया के मध्य 1877 में मेलबोर्न में खेला गया था। इसे आस्ट्रेलिया ने 45 रन से जीता था।

# मुंबई की जीत में चमके सूर्य



मुबंई 12 मई । सूर्य कुमार यादव (103 नाबाद) के तूफानी नाबाद शतक के आगे राशिद खान (चार विकेट, 79 रन नाबाद) का जीवट प्रदर्शन बौना पड़ गया और मुबंई इंडियंस ने शुक्रवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मुकाबले में गुजरात टाइटंस के खिलाफ 27 रन से शानदार जीत दर्ज की।

मुबंई ने पहले बल्लेबाजी करते हुये पांच विकेट पर 218 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया जिसके जवाब में गुजरात टाइटंस निर्धारित 20 ओवर में आठ विकेट पर 191 रन ही बना सकी। एक समय गुजरात के आठ विकेट 103 रन पर गिर चुके थे और मुबंई की जीत बेहद आसान लग रही थी मगर गेंद से कमाल दिखा चुके राशिद का इरादा बल्ले से भी कुछ कर गुजरने का था। रोहित की सेना जब तक अफगान पठान के इरादे को भांपती,तब तक गाड़ी बहुत दूर जा चुकी थी। राशिद ने मात्र 32 गेंदो में तीन चौके और दस छक्के लगाकर मैच में रोमांच पैदा किया और मैदान पर मौजूद दर्शकों की वाहवाही लूटी। हालांकि मुबंई के विशालकाय स्कोर को पाने में उन्हे कुछ और ओवर की जरूरत थी जिसकी इजाजत उन्हे नहीं थी।

राशिद के काम को आसान करने में ओस ने बखूबी काम किया। मुबंई के गेंदबाज हर एक बाल फेंकने के बाद गेंद को पोछते दिखायी पड़े। आकाश मढवाल को तीन विकेट मिले जबकि पीयूष चावला और कुमार कार्तिकेय ने दो दो विकेट चटकाये। इससे पहले वानखेड़े स्टेडियम पर सूर्य कुमार का बल्ला विरोधी गेंदबाजों को धूल चटाता दिखायी पड़ा। सूर्य की बल्लेबाजी के आगे गुजरात के गेंदबाज पानी मांगते नजर आये। राशिद खान (30 रन पर चार विकेट) को छोड़ कर करिश्मायी सूर्य ने बाकी बचे चार गेंदबाजों की जमकर धुनायी की। अपनी नाबाद शतकीय पारी में सूर्य ने मात्र 49 गेंदे खेलकर 11 चौके और छह छक्के जमाये। मौजूदा आईपीएल सत्र का यह उनका पहला शतक था। इससे पहले नौ मई को उन्होने रायल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) के खिलाफ 83 रन की धमाकेदार पारी खेली थी।

कप्तान रोहित शर्मा (29) और इशान किशन (31) ने मुबंई की शुरूआत आक्रामक रूप से की थी मगर पारी के सातवें ओवर में राशिद ने एक के बाद एक दोनों को पवेलियन पहुंचा कर मेजबान खेमे में हलचल मचा दी। राशिद ने अपने अगले ही ओवर में नेहाल बढेरा (15) का विकेट चटका कर गुजरात की पकड़ मजबूत की हालांकि एक छोर पर आंखे जमा चुके सूर्य कुमार ने नये बल्लेबाज विष्णु विनोद (30) के साथ 65 रन की भागीदारी कर रोमांच पैदा किया जबकि अंतिम तीन ओवर में उन्होने कैमरन (2) को एक छोर पर खड़ा कर 54 रन जोड़ कर टीम को ड्राइविंग सीट पर बैठा दिया।

## अंतर महाद्वीपीय कप के पहले मैच में मंगोलिया से भिड़ेगा भारत

नयी दिल्ली, 12 मई । भारतीय पुरुष फुटबॉल टीम भुवनेश्वर के कलिंग स्टेडियम में नौ जून से शुरू होने वाले अंतर महाद्वीपीय कप के पहले दिन मंगोलिया की टीम का सामना करेगी।

भारत और मंगोलिया के अलावा इस प्रतियोगिता में लेबनान और वनातू की टीम भी भाग लेगी। यह दोनों टीम भी टूर्नामेंट के पहले दिन आमने सामने होंगी। यह टूर्नामेंट का उद्घाटन मैच भी होगा।

यह प्रतियोगिता कतर में होने वाले एएफसी एशियाई कप 2023 की तैयारियों के सिलसिले में आयोजित की जा रही है। भारतीय टीम इसके तुरंत बाद बेंगलुरु में 21 जून से तीन जुलाई तक होने वाली सैफ चैंपियनशिप में भाग लेगी। भारतीय टीम इन दोनों टूर्नामेंट की तैयारियों के लिए मुख्य कोच इगोर स्टिमक की देखरेख में भुवनेश्वर 15 मई से अभ्यास शिविर में हिस्सा लेगी। अंतर महाद्वीपीय कप में चारों टीम एक-दूसरे का सामना करेंगी तथा शीर्ष पर रहने वाली दो टीम 18 जून को फाइनल खेलेंगी। भारत मंगोलिया का सामना करने के बाद 12 जून को वनातू और 15 जून को लेबनान से भिड़ेगा।

## जयपुर करेगा प्रीमियर हैंडबॉल लीग के पहले सत्र की मेजबानी

जयपुर, 12 मई । राजस्थानी की गुलाबी नगरी जयपुर में प्रीमियर हैंडबॉल लीग का पहला संस्करण आठ से 25 जून के बीच खेला जाएगा।

सवाई मानसिंह इंडोर स्टेडियम में आयोजित लीग के पहले संस्करण में छह टीमे राजस्थान पैट्रियट्स, गर्वित गुजरात, महाराष्ट्र आयरनमेन, गोल्डन ईगल्स उत्तर प्रदेश, तेलुगु टैलन्स और दिल्ली पैंजर्स हिस्सा लेंगी। स्टेडियम ने 2014 के बाद से कई प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) मैचों की मेजबानी की है। पद्मश्री और राजस्थान राज्य खेल परिषद की अध्यक्ष डॉ. कृष्णा पूनिया ने कहा मुझे खुशी है कि प्रीमियर हैंडबॉल लीग (पीएचएल) का पहला सीजन जयपुर के आधुनिक और अनोखे सवाईमानसिंह इंडोर स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा।

# दीपक, हुसामुद्दीन, निशांत ने विश्व चैंपियनशिप में जीते ऐतिहासिक कांस्य

ताशकंद, 12 मई । भारतीय मुक्केबाज दीपक भोरिया और निशांत देव ने शुक्रवार को यहां विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप में अपने-अपने करीबी सेमीफाइनल मुकाबले हारने के बाद कांस्य पदक से संतोष किया।

दीपक को 51 किग्रा वर्ग के करीबी सेमीफाइनल में बाउट रिव्यू होने के बाद फ्रांस के बिलाल बेनेमा के हाथों 3-4 की हार का सामना करना पड़ा। कज़ाखस्तान के अस्लनबेक शिम्बेरगेनोव ने 71 किग्रा वर्ग में निशांत को 5-2 से मात दी। इससे पूर्व, एशियाई चैंपियनशिप मेडलिस्ट मोहम्मद हुसामुद्दीन (57 किग्रा) ने घुटने की चोट के कारण सेमीफाइनल से बाहर होने के बाद कांस्य से संतोष किया था। हुसामुद्दीन को क्वार्टरफाइनल बाउट के दौरान घुटने में चोट लग गई थी जिसके बाद उन्हें दर्द और सूजन का सामना करना पड़ा। मेडिकल टीम द्वारा घुटने की चोट की गंभीरता को जांचने के बाद भारतीय टीम प्रबंधन ने फैसला किया है कि वह शुक्रवार को होने वाले सेमीफाइनल बाउट में भाग नहीं लेंगे। एशियाई खेल 2019 के रजत पदक विजेता दीपक ने अटूट धैर्य का प्रदर्शन करते हुए बिलाल को कड़ी टक्कर दी। हिसार में जन्मे इस मुक्केबाज ने बाउट की सावधानीपूर्वक शुरुआत की और पहले राउंड में 3-2 से जीत हासिल की। दीपक ने दूसरे राउंड में भी जीत हासिल की, लेकिन तीसरे राउंड में रोमांचक घमासान के बाद फ्रांसीसी मुक्केबाज एक अंक से जीतने में सफल रहा।

दीपक की ही तरह निशांत को भी बाउट रिव्यू के बाद हार का सामना करना पड़ा। इस 22 वर्षीय मुक्केबाज ने पूरे मुकाबले में आक्रामक रवैये का प्रदर्शन किया, लेकिन अपने बेहतरीन प्रयासों के बावजूद कज़ाख मुक्केबाज को हराने में असफल रहे।

भारत ने विश्व चैंपियनशिप में अपना अभियान तीन कांस्य पदकों के साथ समाप्त किया, जो इस वैश्विक आयोजन के किसी भी संस्करण में देश का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। भारतीय मुक्केबाजी के इतिहास में अपना नाम दर्ज करवाने वाले दीपक, निशांत और हुसामुद्दीन को अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाजी संघ (आईबीए) के ओर से 50,000 अमेरिकी डॉलर की इनामी राशि से सम्मानित किया जायेगा।

भारत अब विश्व चैंपियनशिप के इतिहास में एक रजत और नौ कांस्य सहित कुल 10 पदक जीत चुका है।

# बीडब्ल्यूएफ ने नये 'स्पिन सर्विस' पर लगाया अंतरिम प्रतिबंध

नयी दिल्ली, 12 मई। अंतरराष्ट्रीय बैडमिंटन में नयी 'स्पिन सर्वस' की बढ़ती लोकप्रियता के बीच इस खेल की वैश्विक शासी निकाय बीडब्ल्यूएफ ने 29 मई 2023 तक इस पर अंतरिम प्रतिबंध लगाने का फैसला किया है। डेनमार्क के युगल खिलाड़ी मार्कस रिंडशोज ने पिछले महीने पोलिश ओपन में इस स्पिन सर्विस से अंक अर्जित किए और तभी से विश्व भर के खिलाड़ी इसमें अपना हाथ आजमाने की कोशिश कर रहे हैं। विश्व बैडमिंटन महासंघ (बीडब्ल्यूएफ) के बयान के मुताबिक, ''बीडब्ल्यूएफ परिषद ने तत्काल प्रभावी29 मई 2023 तक नये 'स्पिन सर्व' के उपयोग पर रोक लगाने के लिए बैडमिंटन के नियमों में 'प्रायोगिक बदलाव' के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है।'' इसमें कहा गया, '' यह अंतरिम प्रतिबंध बीडब्ल्यूएफ के सभी स्वीकृत अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंटों पर लागू होगा, जिसमें रविवार 14 मई से शुरू होने वाला सुदीरमन कप फाइनल और अगले सप्ताह प्रस्तावित मलेशिया मास्टर्स 2023 भी शामिल है।'' स्पिन सर्विस में खिलाड़ी शटलकॉक के कॉर्क को अपने अंगूठे और बीच की उंगली के बीच में रखता है और फिर उसे रैकेट से मारने के समय कैरम स्ट्राइक की गति से उसे स्पिन कराने की कोशिश करता है।

# लखनऊ के स्पिन आक्रमण के सामने सनराइजर्स के बल्लेबाजों की होगी कड़ी परीक्षा

हैदराबाद, 12 मई । पिछले मैच में अप्रत्याशित जीत दर्ज करके अपनी उम्मीदें जगाने वाली सनराइजर्स हैदराबाद टीम के बल्लेबाजों की शनिवार को यहां होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में लखनऊ सुपरजाइंट्स के स्पिनरों के सामने कड़ी परीक्षा से गुजरना होगा। लखनऊ ने पिछले तीन में से दो मैच गंवाए हैं लेकिन यदि वह एडेन मार्कराम की अगुवाई वाली सनराइजर्स की टीम को हरा देता है तो फिर वह शीर्ष चार में जगह बना देगा। जहां तक सनराइजर्स की टीम की बात है तो वह 10 टीमों की अंक तालिका में अभी 10 मैचों में आठ अंक लेकर नौवें स्थान पर है। क्रुणाल पंड्या की अगुवाई वाली लखनऊ की टीम 11 मैचों में 11 अंक लेकर पांचवें स्थान पर है। उप्पल का विकेट हालांकि धीमी गति के गेंदबाजों को मदद पहुंचाता रहा है और ऐसे में स्पिनरों की भूमिका महत्वपूर्ण होगी। लखनऊ के पास रवि बिश्नोई, अनुभवी अमित मिश्रा और कप्तान क्रुणाल के रूप में उपयोगी स्पिन तिकड़ी है जिनके सामने सनराइजर्स के बल्लेबाजों को संघर्ष करना पड़ सकता है। सनराइजर्स की बल्लेबाजी तीन विदेशी खिलाड़ियों एडेन मार्कराम, हेनरिक क्लासेन और ग्लेन फिलिप्स पर निर्भर है। फिलिप्स ने 13.25 करोड़ रुपए में बिके हैरी ब्रूक के नहीं चल पाने के कारण अंतिम एकादश में जगह बनाई।

# शेखावाटी में गर्मी ने तीखे तेवर दिखाए, 45.3 डिग्री पहुंचा पारा

## न्यूनतम तापमान 22.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ

**चूरू, (कासं)।** शेखावाटी में गर्मी ने अपने तीखे तेवर दिखाने शुरू कर दिए हैं। शुक्रवार को यहां पारे में काफी बढ़ोतरी हुई है। मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार चूरू में आज

- **गर्मी के कारण दिन में बाजार सुनसान दिखाई दिए**

अधिकतम तापमान 45.3 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम तापमान 22.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ है।

पिछले दिवस की तुलना में आज यहां अधिकतम तापमान 1.8 डिग्री सेल्सियस बढ़ गया है। साथ ही यहां न्यूनतम तापमान में भी 0.8 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी हुई है। आज यहां सूर्य देवता ने सवेरे से ही अपने तेवर दिखाने शुरू कर दिए। दोपहर को लू चलने लगी। यहां पैदल चलने वालों ने गर्मी से बचने के लिए चेहरे व सिर को कपड़े से ढककर रखा। आज यहां गर्मी के कारण दिन में बाजार सुनसान दिखई दिए। दुकानदार भी नींद के लटके लेते रहे।



चूरू में छात्राएं लू से बचने के प्रयास करते हुए।

# अनूपगढ़ में पारा 41 डिग्री के पार, तापमान बढ़ने से सन्नाटा पसरा रहा

## अनूपगढ़ का तापमान 43 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने की संभावना

**अनूपगढ़, (कासं)।** यहां शुक्रवार को शहर का अधिकतम तापमान 41 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो सामान्य से अधिक रहा। मौसम विभाग के अनुसार अनूपगढ़ का तापमान 43 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है। पारा बढ़ने के कारण बाजार के साथ-साथ शहरों की गलियों में भी सन्नाटा पसरा रहा। लोग सिर पर साफा बांधकर घरों से बाहर निकल रहे हैं। दिन में तेज धूप और गर्मी के कारण लोग परेशान होते हुए नजर आए। आज हवाओं में गर्मी का एहसास होने लगा दोपहर के वक्त गर्म हवाओं के कारण सड़कों पर आवाजाही कम हो गई। बढ़ती गर्मी के कारण ज्यूस, आइसक्रीम और छाछ की दुकान पर अधिक भीड़ दिखाई दे रही है। वहीं चिकित्सकों ने भी चिकित्सालय में गर्मी से बचाव के लिए मरीजों को उपाय बताए हैं।

पिछले दिनों हुई बारिश से मौसम सुहावना हो गया था। लोगों को गर्मी से काफी राहत मिली थी। लेकिन धीरे-धीरे गर्मी और उमस बढ़ ती जा रही है। जिससे लोगों की परेशानी बढ़ गई है। राहगीरों को धूप से बचने के लिए पेड़ के नीचे, दुकानों पर आराम करते हुए देखा गया है। बढ़ती गर्मी से लोगों का दिनभर गला सूखता रहा। किसी ने पानी से तो किसी ने गन्ने या बेल के रस से खुद को तर किया। कड़ी धूप और भीषण गर्मी का सबसे ज्यादा परेशानी स्कूल जाने वाले बच्चों और कामगारों पर पड़ रहा है।

एक दुकानदार ने बताया कि इस सीजन में पहली बार पारा 41 डिग्री तक पहुंचा है। पिछले 2 दिनों से दिन के साथ रात में गर्मी का तेज असर होने के कारण पंखे भी काम नहीं कर पा रहे हैं। ऐसे में घरों और दुकानों पर कूलर, एसी चलाना पड़ रहा है।

अनूपगढ़ के राजकीय चिकित्सालय के चिकित्सक राहुल जैन ने बताया कि गर्मी और उमस बढ़ गई है। ऐसे में स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही ना बरतें। धूप से आने के बाद तत्काल पानी न पिएं और सड़कों पर बिक रहे विभिन्न प्रकार के ठंडे पेय पदार्थों से बचें।

# जेल में हार्डकोर कैदी ने फांसी लगाई

**अजमेर (कासं)।** संभाग की एकमात्र हाई सिक्योरिटी जेल में बंद हार्डकोर अपराधी ने देर रात खुद को फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। फांसी लगाकर आत्महत्या करने की घटना से हाई सिक्योरिटी जेल प्रशासन सहित जिला प्रशासन में हडकंप मचा हुआ है। वहीं सिविल लाइन थाना पुलिस ने हाई सिक्योरिटी जेल प्रशासन की सूचना पर जेल पहुंचकर मृतक कैदी के शव को कब्जे में लिया है तथा उसकी बॉडी को जवाहरलाल नेहरू अस्पताल के मुर्दाघर में सुरक्षित रखवाया है और उसके परिजन को सूचित कर दिया है।

जेल सूत्रों ने बताया कि हाई सिक्योरिटी जेल में बंद कैदी पुलिस थाना केलवा गांव बांसखेड़ा जिला बांरा निवासी जनवेद पुत्र इंदर सहरिया था। उस पर उसकी पत्नी की हत्या करने का आरोप है। इसके अलावा वह इस हत्याकांड में गिरफ्तार होकर बांरा जेल में बंद हुआ था तथा उस जेल में ऊंची और लंबी दीवार फांद कर जनवेद फरार हो गया था। बाद में उसे बांरा पुलिस ने काफी मशक्कत के बाद गिरफ्तार किया था, उसके बाद उसे अजमेर के हाई सिक्योरिटी जेल में ट्रांसफर किया गया था। मृतक जनवेद हार्डकोर अपराधी था। उसके खिलाफ बांरा की जेल से फरार होने के बाद फरारी का मुकदमा भी दर्ज हुआ था।

सिविल लाइन थाना पुलिस की माने तो हाई सिक्योरिटी जेल में अपने पास जाने को फाड़ कर इसका फांसी का फंदा बनाकर आत्महत्या करने वाले जनवेद के शव का पोस्टमार्टम फर्स्ट क्लास जज की मौजूदगी में तथा वीडियो रिकॉर्डिंग के साथ मेडिकल बोर्ड द्वारा कराया जाएगा। सिविल लाइन थाना पुलिस ने बताया कि मृतक के गृह गांव पुलिस थाना केलवा गांव बांसखेड़ा जिला बारा में उसके परिजन को सूचित कर दिया गया है, जहां से परिजन के आने के बाद ही जनवेद केशव का मेडिकल बोर्ड द्वारा पोस्टमार्टम कराया जाएगा।

## गाय में लम्पी के लक्षण मिले

**मालपुरा, (निसं)।** मालपुरा उपखण्ड क्षेत्र के मोरला गांव में शुक्रवार को लम्पी बीमारी से ग्रस्त गाय मिलने की सूचना पर पहुंची पशु चिकित्सा विभाग की टीम ने गाय का सैम्पल ले जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा। पशु चिकित्सा अधिकारी प्रभारी डॉ. अनिल परतानी ने बताया कि शुक्रवार को मोरला गांव में एक गाय में लम्पी के लक्षण सामने आने की मिली सूचना पर संयुक्त निदेशक पशुपालन विभाग टोंक डॉ. अशोक पाण्डेय मालपुरा पहुंचे। पाण्डेय ने डॉ. परतानी के साथ मोरला पहुंच पशुपालक के बाडे में बंधी संदिग्ध गाय के सैम्पल ले परीक्षण के लिए प्रयोगशाला भेजा गया। डॉ. परतानी ने बताया कि संदिग्ध गाय में गत वर्ष लम्पी बीमारी सामने आई थी। इस बार भी शरीर पर उठी गांठनुमा फुंसीयों को लम्पी के संकेत मान पशुपालक चिन्तित हो गये। हालांकि वर्तमान में गाय में लम्पी की शिकायत नहीं है। लेकिन ऐेतिहात के तौर पर सैम्पल जांच के लिए प्रयोगशाला भिजवाये गये हैं जल्द टीकाकरण के कैम्प लगवाया जायेगा।

## सहायक अभियंता परीक्षा 21 को

**अजमेर, (निसं)।** राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा सहायक अभियंता सिविल (स्वायत्त शासन विभाग) प्रतियोगी परीक्षा-2022 का आयोजन आगामी 21 मई को अजमेर एवं जयपुर जिला मुख्यालयों पर किया जाएगा। सचिव एचएल अटल ने बताया कि उक्त परीक्षा के प्रवेश-पत्र परीक्षा दिनांक से 3 दिवस पूर्व आयोग वेबसाइट एवं एसएसओ पोर्टल पर अपलोड किए जाएंगे। इस अनुसार अभ्यर्थी प्रवेश-पत्र डाउनलोड कर लेवें। परीक्षा के लिए आवंटित जिले की जानकारी 14 मई से एसएसओ पोर्टल के माध्यम से प्राप्त की जा सकेगी।

**IN THE HIGH COURT OF JUDICATURE FOR RAJASTHAN AT JAIPUR**
S.B./D.B CIVIL WRIT PETITION NO./2023
**Application under Rule 159 of Rajasthan High Court Rules for entering into CAVEAT**
**MAY IT PLEASE YOUR LORDSHIPS :**
You Lordship's humble applicant wants to enter into caveat under rule 159 of the Rajasthan High Court Rules and let nothing be done till the applicants are heard in the matter. The particulars of the person, who may file the WRITs are given below :-
**Any Affected Candidate** against the entrance examination process of PTET-2023 being conducted on 21.05.2023 **and the advertisement notification no. 02 dated 01.04.2023 issued by the Govind Guru Tribal University (Govind Guru Janjteey Vishvvidyalay BANSWARA) and the issue related there of.**
That the writ petition is likely to be filed against:-
**Govind Guru Tribal University (Govind Guru Janjteey Vishvvidyalay BANSWARA)**
Vakalatnama on behalf of Manoj Pandya .......................... **Govind Guru Tribal University( Govind Guru Janjteey Vishvvidyalay BANSWARA)** is submitted herewith.
It is, therefore, humbly prayed the nothing be done in the case till the applicant is heard.
**COUNSEL FOR THE APPLICANT**
**(Shree Katta)**
**ADVOCATE**
**HUMBLE APPICANT**
**Govind Guru Janjatiya University**

**IN THE HIGH COURT OF JUDICATURE FOR RAJASTHAN AT JAIPUR**
Dated : 12.05.2023
**NOTICE FOR CAVEAT**
**Application under Rule 159 of the Rajasthan High Court Rules for entering into CAVEAT**
**MAY IT PLEASE YOUR LORDSHIPS :**
You Lordship's humble applicant wants to enter into caveat under rule 159 of the Rajasthan High Court Rules and let nothing be done till the applicants are heard in the matter. The particulars of the person, who may file the WRITs are given below :-
**Any Affected Candidate** against the writ petition against the Rajasthan State Eligibility Test Examination process for the post Assistant Professor in different subjects under the **SET-2023** initiated by the **Govind Guru Tribal University BANSWARA( Govind Guru Janjateey Vishvavidyalay BANSWARA)**
That the writ petition is likely to be filed against :-
**Govind Guru Tribal University BANSWARA**
**(Govind Guru Janjateey Vishvavidyalay BANSWARA)**
Vakalatnama on behalf of **Manoj Pandya, Coordinator S.E.T. Examination-2023 Govind Guru Tribal University BANSWARA (Govind Guru Janjateey Vishvavidyalay BANSWARA)** is submitted herewith.
It is, therefore, humbly prayed the nothing be done in the case till the applicant is heard.
**COUNSEL FOR THE APPLICANT**
**(Shree Katta)**
**ADVOCATE**
**HUMBLE APPICANT**
**Govind Guru Janjateey University** **Email : lawyer.ballani@gmail.com**